30.10.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर कल पूरे देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

○ देश में अब तक दस हज़ार किसान–उत्पादक संगठन स्थापित–52 लाख किसानों को फायदा मिला।

○ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुष्कर कॉरिडोर का काम जल्द शुरू कराने की घोषणा की।

○ केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी।

0000

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कल राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जायेगी। इस अवसर पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परेड का उद्घाटन करेंगे। हर साल 31 अक्तूबर को एकता नगर में यह परेड आयोजित की जाएगी। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश में बडे स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

0000

प्रदेशभर में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिला स्तरीय पदयात्राएँ कल से 25 नवंबर तक चलेंगी, जिसके बाद राष्ट्रीय पदयात्रा निकाली जाएगी। उधर, पाली में जयंती के सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा ने साइबर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसी उपललक्ष में बूंदी और उदयपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आज से शुरू की गई। दो दिन की प्रदर्शनी में राष्ट्रीय एकता दिवस और जीएसटी बचत उत्सव पर फोकस रहा। साथ ही राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई।

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में अब तक दस हज़ार किसान–उत्पादक संगठन–एफ.पी.ओ. स्थापित हो चुके हैं। इनमें से कुछ एफ.पी.ओ. का कारोबार सौ करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। आज नई दिल्ली में दो दिन के एफ.पी.ओ. समागम 2025 को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने बताया कि ग्यारह सौ एफ.पी.ओ. करोड़पति बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे 52 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। सरकार इस पहल के माध्यम से दो करोड़ किसानों तक पहुँचने का प्रयास कर रही है।

0000

श्री चौहान ने कहा है कि सरकार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन में विविधता लाने के लिए एकीकृत कृषि को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द ही बीज अधिनियम लाएगी। इस समागम में देश भर के 24 राज्यों और एक सौ 40 जिलों के पांच सौ से अधिक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और कार्यान्वयन एजेंसियों तथा क्लस्टर–आधारित व्यावसायिक संगठनों ने भाग लिया।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु, विभागाध्यक्षों और शिक्षकों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता की पूरे विश्व में मांग है, इसलिए विश्वविद्यालयों को उच्च कौशल वाला मानव संसाधन तैयार करने को प्राथमिक उद्देश्य बनाना चाहिए।
श्री बागडे ने जोर दिया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के शारीरिक मजबूती पर भी ध्यान दें। उन्होंने अच्छी व्यायामशाला बनाने और हॉस्टल सुविधा बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण परिवेश के अधिक छात्रों को लाभ मिल सके।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले जनजाति गौरव दिवस की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बिरसा मुंडा के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को जन–जन तक पहुँचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य और जिला स्तर पर समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरण अभियानों की रूपरेखा तय की गई।
मुख्यमंत्री ने एक अन्य बैठक में महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट, पूंछरी का लौठा और तनोट माता मन्दिर के विकास कार्यों की समीक्षा की।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पुष्कर कॉरिडोर का काम जल्द शुरू कराने की घोषणा की है। आज विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि पुष्कर कॉरिडोर की डीपीआर तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि ये कॉरिडोर पुष्कर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने इसके साथ ही हर संभाग मुख्यालय पर 19 नवम्बर को 'घूमर' महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की, ताकि राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को और आगे बढ़ाया जा सके। दिया कुमारी ने पुष्कर मेले को संस्कृति और आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस वर्ष मेला बड़े स्तर पर आयोजित हुआ है।

0000

5 नवंबर तक चलने वाला यह मेला राजस्थान की लोक कला, संगीत और समृद्ध परंपराओं का जीवंत उत्सव है, जिसमें हजारों की संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक शामिल होते हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है राज्य सरकार गौ संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य की पंजीकृत गौशालाओं को प्रति गाय 50 रूपये रोजाना और किसानों को रूपये 30 हजार हर साल अनुदान दिया जा रहा है। वे आज गोपास्टमी के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने मांग्यावास और रेनवाल की गौशालाओं में गौ–पूजन किया। चूरू में भी गोपाष्टमी पर्व उत्साह से मनाया गया, जहाँ शोभायात्रा निकाली गई। पाली की रोहट गौशाला में 501 किलो लापसी गौवंश को खिलाई गई। गिरदाड़ा गौशाला में इस मौके पर भागवत कथा शुरू हुई जो सात दिन चलेगी। सवाईमाधोपुर में गायों के तिलक लगाकर पूजा–अर्चना की गई। साथ ही गायों को गुड़ लापसी खिलाई गई। भरतपुर में गौसेवकों का सम्मान किया गया।

000

देश भर में भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, रेल मंत्री ने 76 रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के पाँच स्टेशनों कृ जयपुर, गांधीनगर जयपुर, अजमेर, जोधपुर और रींगस को इसके लिए चुना गया है। इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का काम अगले साल के त्यौहारी सीज़न से पहले पूरा हो जायेगा।

000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12 वीं कक्षा की परीक्षाओं की तारीख का ऐलान कर दिया है। बोर्ड के अनुसार 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक चलेगी, सीनियर सैकेण्डरी के अलग–अलग संकायों के विद्यार्थियों की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं 9 अप्रैल तक होंगी।

000

प्रदेश में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित और अपडेट करना है, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटे नहीं। जयपुर, भीलवाड़ा,श्री गंगानर और जैसलमेर जैसे जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कर अभियान की जानकारी दी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर–घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरित और संग्रहित करेंगे। भीलवाड़ा में भी जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में 'स्पेशल इनटेंसिव रिविजन' कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिये 3 नवंबर तक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

000

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर बारिश हुई है। सिरोही, पाली, सलूम्बर, जयपुर सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। डूंगरपुर, चित्तौड, भीलवाड़ा और डीग में बूंदा–बांदी हुई है। बाड़मेर में बादल छाये रहे। साथ ही ठण्डी हवाएं चलने से सर्दी धीरे–धीरे बढ़ने लगी है। इस बीच सिरोही में खुशनुमा मौसम के चलते माउंट आबू में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ रही है। वहीं डीग के कुछ हिस्सों में जलभराव के कारण खरीफ फसलों को नुकसान हुआ है।

0000

मौसम विभाग ने आज भी बारिश की संभावना जताई है और 3 नवंबर से एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की चेतावनी दी है।

000